एक हजार से ज्यादा लगेंगी इकाइयां, 42,782 करोड़ रुपये का हुआ निवेश

हल्दीराम, बीकानेरवाला और बालाजी जैसे ग्रुप लगाएंगे प्लांट

2.5 लाख से ज्यादा को मिलेगा रोजगार

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के कृषि उत्पादों का यहीं पर उपयोग कर उनसे खाद्य पदार्थ बनाकर विदेशों तक निर्यात करने के लिए नए खाद्य प्रसंस्करण इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जाएंगे। बालाजी, हल्दीराम, बीकानेरवाला और धर्मपाल सत्यपाल जैसे बड़े ग्रुप यूपी में खाद्य प्रसंस्करण के प्लांट स्थापित करेंगे। राजधानी लखनऊ में ही खाद्य प्रसंस्करण के लिए 1520 करोड़ रुपये की लागत से दो फूड पार्क और खाद्य प्रसंस्करण का प्लांट लगाया जाएगा।

वैश्विक निवेशक सम्मेलन-2023 में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में निवेश के लिए 1078 करार साइन हुए हैं। इनसे करीब 42,782.41 करोड़ रुपये का निवेश होगा और 2.56 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। जानकारों का मानना है कि प्रदेश में आलू, चना, चावल, गन्ना, मीट सहित फल और सब्जियों की रिकार्ड पैदावार होती है। इन फसलों से जुड़े खाद्य प्रसंस्करण प्लांट यूपी में कम होने के कारण फसलें दूसरे प्रदेशों और देशों में भेजी जाती है। यूपी में ही खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित होने पर इन फसलों का यहीं पर बेहतर उपयोग हो सकेगा। इकाइयों को कम लागत पर कच्चा माल मिल सकेगा और तैयार माल को बेचने के लिए यूपी जैसा बड़ा बाजार भी मिलेगा।

लखनऊ में 1000 करोड़ से बनेंगे दो फूड पार्क

बालाजी वेफर्स प्रा लि. की ओर से लखनऊ में खाद्य प्रसंस्करण के लिए फूड पार्क स्थापित किया जाएगा। 500 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाले प्लांट में 500 लोगों को रोजगार मिलेगा। हल्दीराम भुजियावाला की ओर से लखनऊ में मिठाइयां, नमकीन, बेकरी उत्पाद के लिए प्लांट लगाया जाएगा। 500 करोड़ रुपये की लागत से प्लांट स्थापित होगा। 500 लोगों को रोजगार मिलेगा। हैप्पीलो इंटरनेशनल प्रा लि. की ओर से लखनऊ में फूड प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा। 520 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाले प्लांट में 3000 लोगों को रोजगार मिलेगा।

बाराबंकी में बनेगा फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रियल पार्क

हाईलैंड इंडस्ट्रियल इंफ्रा प्रा. लि की ओर से बाराबंकी में खाद्य प्रसंस्करण के लिए इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किया जाएगा। कंपनी प्रदेश के 30 जिलों में फ्रेंचाइजी के तौर पर इस तरह के पार्क विकसित करेगी। इसमें छह हजार करोड़ रुपये के निवेश से 90,000 लोगों को रोजगार देने की योजना है।

फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में लगने वाले बड़े प्रोजेक्ट

- धर्मपाल सत्यपाल प्रालि. नोएडा में 900 करोड़ से कैच मसाले, प्लस कैंडी, चॉकलेट, रजनीगंधा पान मसाला का प्लांट लगेगा।
- बीकानेर वाला नोएडा में 550 करोड़ से नमकीन, बेकरी, मिठाइयां और अन्य खाद्य पदार्थ के लिए प्लांट लगाएगा।
- बीएन ग्रुप आगरा में 3000 करोड़ से खाद्य तेल और केमिकल का प्लांट लगाएगा।
- कृषि उत्पाद भंडार संस्थान बरेली में एक हजार करोड़ से आटा, राइस, ऑयल और अन्य खाद्य उत्पाद का प्लांट लगाएगा।
- हंच वेंचर्स गाजियाबाद में 3000 करोड़ से मल्टी मॉडल फूड एंड एग्रो जोन स्थापित करेगा।
- फेयर एक्सपोर्ट प्रालि. झांसी में 800 करोड़ से बकरी और भेड़ प्रजनन केंद्र, आर्गेनिक कृषि फार्म, मीट प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करेगा।
- एयों फूड्स प्रालि. नोएडा में 700 करोड़ से मल्टीपल कोल्ड स्टोरेज और खाद्य उत्पादों के वेयर हाउस बनाएगा।